# अवैध उत्खनन और परिवहन करते 6 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

## इमलीखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र से लगे कुलबेहरा नदी में एसडीएम ने टीम सहित दबिश देकर रेत माफिया के खिलाफ की कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लम्बे समय से औद्योगिक क्षेत्र ईमलीखेड़ा से लगी हुई कुलबेहरा नदी में अवैध रूप से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने की सूचना मिल रही थी परंतु आरोपी फरार हो जाते थे। कल 8 अप्रैल को मुखबिर ने जिला कलेक्टर हरेन्द्र नारायन को सूचना दी साथ ही कलेक्टर ने एस.डी.एम. छिन्दवाड़ा को भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी दौरान मुखबिर ने एस.डी.एम. को भी तत्काल सूचना दी। फलस्वरूप एस.डी.एम. सुधीर जैन ने खनिज अधिकारी को तत्काल बुलाकर स्वयं भी मौके पर पहुंचे तथा तहसीलदार, खनिज निरीक्षक, कोतवाली पुलिस बल, दर्जनों की संख्या में पहुंच गए जहां अवैध खुदाई में लगे मजदूर भाग खड़े हुए लेकिन छः ट्रेक्टर और चालक मौके पर ही मिल गए। एसडीएम ने तत्काल पुलिस को ट्रैक्टर को मय रेत के कोतवाली में ले जाकर खड़ा करने के निर्देश दिए और खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन के प्रकरण बनाकर कार्रवाई की जा रही है।









इस तरह लम्बे समय बाद छिन्दवाड़ा शहर से लगे हुए ईलाके में अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही हो सकी है जिससे शहर में हड़कम्प व्याप्त है और क्षेत्रवासी जिला प्रशासन को धन्यवाद दे रहे है।

**बाड़ीवाड़ा घाट का मामला: शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंची खनिज इंस्पेक्टर**

एक तो चोरी, ऊपर से सीनाजोरी, क्षेत्र के रेत माफ्यिाओं के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके है कि अब कार्रवाई करने जा रहे खनिज इंस्पेक्टरों पर भी हमले का प्रयास एवं गाली गलौज होने लगी है। मामला चांद के ग्राम बाड़ीबाड़ा में रेत के अवैध घाट का है जहां अनवरत शिकायत के बाद खनिज इंस्पेक्टर स्नेहलता ठावरे कार्रवाई करने पहुंची परंतु रेत माफ्यिा को भनक पड़ते ही अवैध काली रेत से भरे दोनों ट्रैक्टर लेकर फरार होने का प्रयास कर ही थे कि पीछा करते करते एक ट्रैक्टर व ट्राली खनिज इंस्पेक्टर के हत्थे लगी जिसके पश्चात जब कार्रवाई कर खनिज अमला ट्रैक्टर ले जाने लगा तो रेत माफ्यिाओं ने गाली गलौज कर झूमा झपटी कर हमले का प्रयास किया। तत्पश्चात खनिज इंस्पेक्टर द्वारा थाना चांद पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया।

**स्थानीय रेत माफिया के खिलाफ मामला दर्ज**-थाना प्रभारी राकेश सिंह बघेल ने बताया कि बाड़ीबाड़ा पेंच नदी पर कार्रवाई करने पहुंची खनिज इंस्पेक्टर के साथ दो लोगों ने धक्का मुक्की की एवं गाली गलौज कर हमले का प्रायस करने लगे व ट्रैक्टर लड़के भागने की कोशिश भी की, जिसके बाद स्नेहलता ठावरे की शिकायत पर आरोपी पंकज वर्मा एवं हरिनारायण वर्मा के खिलाफ धारा 296, 351, 121(1), 132, 221, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

जानकारी मिली है कि चौरई से लगे सिरेगाव में भी अवैध काली रेत उत्खनन चरम पर है जिस पर चौरई प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है इस ओर भी प्रशासन से ध्यान देने की अपील की गई है।

सार-समाचार

## नौ उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलम्बित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा प्रदेश के समस्त जिलो मे शत प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना है। अन्य माध्यम से उर्वरक विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

कलेक्टर हरेन्द्र नारायण द्वारा कल 08 अप्रैल 2026 को ए0पी0सी0 बैठक मे उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की गई एवं जिले के समस्त उर्वरक विक्रेता डबललॉक केन्द्र, सेवा सहकारी समिति, एम0पी0एग्रो एवं निजी विक्रेताओ को स्पष्ट निर्देश दिये गये है, कि शासन के निर्देशानुसार जिले मे बिना ई-प्रणाली के उर्वरको का वितरण किये जाने पर संबधित संस्था विक्रेता के विरूद्व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक गुण नियत्रण 1985 के तहत कार्यवाही करते हुए कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिंगा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा कल 8 अप्रैल को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिंगा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार भी साथ थे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं विद्यालय स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं शौचालयों की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित साफसफाई सुनिश्चित करने एवं परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री नारायन द्वारा स्मार्ट क्लास का निरीक्षण करते हुए स्मार्ट बोर्ड के उपयोग की जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देशित किया कि स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित अध्ययन सामग्री के साथ-साथ सामान्य ज्ञान



एवं ज्ञानवर्धक वीडियो भी नियमित रूप से प्रदर्शित किए जाएं, जिससे विद्यार्थियों की समझ एवं रुचि में वृद्धि हो।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री नारायन द्वारा कक्षाओं में शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी एवं अन्य अभिलेखों का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाए।

## 30 फीट का अतिक्रमण हटाने व्यापारियों को तीन दिन का अल्टीमेटम

**परासिया, देशबन्धु।** नगर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पिछले कई सालों से मुख्य सड़क के बीच डिवाइडर से दोनों और 30 फीट रोड क्लियर करने की कवायद होती रही है। लेकिन प्रशासन एवं नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कुछ कार्रवाई की जाती रही है। जिसको लेकर भेदभाव के आरोप भी लगते रहे हैं और राजनीतिक पार्टी के नेताओं एवं व्यापारियों के द्वारा आंदोलन करने की धमकी के बाद अभियान ठंडे बस्ते में चला जाता है। वास्तव में देखा जाए तो परासिया नगर में अतिक्रमण को लेकर कभी ढंग से कोई कार्रवाई हुई ही नहीं है। नगर पालिका के द्वारा केवल व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए जाते हैं। कभी 30 फीट रोड क्लियर करने और गत माह 40 फीट अतिक्रमण हटाने को लेकर नगरपालिका के द्वारा निशान लगाए गए हैं लेकिन हुआ कुछ नहीं। लेकिन अब प्रशासन ने नगर से 30 फीट अतिक्रमण हटाने को लेकर जनपद पंचायत के सभा कक्ष में बुधवार को व्यापारियों की बैठक की है। बैठक में एसडीएम शुभम कुमार यादव एवं एसडीओपी जितेंद्र जाट ने व्यापारियों को डिवाइडर के दोनों और 30 फीट जगह खाली रखने के लिए तीन दिन का समय दिया है। 3 दिन में अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन ने अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई करने एवं दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई करने के बारे में कहा है। जानकारी के अनुसार बैठक में 172 व्यापारियों को बुलाया गया था जिसमें करीब 100 व्यापारी शामिल हुए।

## छिन्दवाड़ा में सियासी संग्राम तेज, युवक कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिंदवाड़ा में युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन उस समय तेज हो गया जब प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। यह प्रदर्शन शहर के कांग्रेस भवन के सामने आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और विभिन्न मुद्दों को लेकर आक्रोश जताया। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी गौ माता के नाम पर केवल वोट मांगती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों, युवाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार विफल रही है, जिसके विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल मौके पर तैनात रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी गई। हालांकि कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ।

प्रशासन के अनुसार प्रदर्शन नियंत्रण में रहा और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। इस घटनाक्रम के बाद जिले में राजनीतिक माहौल गरमा गया है और आम लोगों के बीच भी इस विरोध को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री पुतला दहन को लेकर।

## गौर बंजारा समाज संघ जिला छिन्दवाड़ा की विशेष बैठक अमरवाड़ा में आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बंजारा समुदाय के युवाओं को एकजुट करने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करने और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना सामाजिक एकता, समाज के युवाओं को जोड़कर सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाना। बैठक में विशेष शख्सियत पहुंचे बंजारा युवा संघ मध्य प्रदेश के जबलपुर संभाग प्रभारी दिलीप सिंह राठौर, कानूनी सलाहकार राधेश्याम राठौर एडवोकेट एंव 52 टांड़ा के गौर बंजारा समाज के नायक गण समर्थक गण मिलकर गौर बंजारा समाज संघ का संगठन का गठन सर्वसामान्य नीति से गठन किया गया।

सर्वसामान्य नीति के आधार पर किया गया है। इसका उद्देश्य बंजारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर शिक्षा, सामाजिक समानता और उत्थान के कार्य करना है। यह संगठन किसी जाति, धर्म, लिंग या राजनीतिक दल के भेदभाव के बिना कार्य करेगी तथा इसका लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से प्राप्त होगा एवं समस्त बंजारा समाज के निमिदामद उपस्थित थे। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष- संतोष राठौर, उपाध्यक्ष- भावसिंग चौहान, जिला सचिव- राधेश्याम राठौर, कोषाध्यक्ष- मोहन जाधव, सहायक सचिव- किशोरी बंजारा, सदस्य- रामलाल नायक, सदस्य- राजेंद्र राठौर एवं अनिल राठौड़ मीडिया प्रभारी रामकृष्ण चौहान, दीपक चौहान, संत कुमार चौहान, लक्ष्मण नायक, तेजलाल नायक, सुखराम नायक, मेहताब राठौर, मेहतू नायक, मुखराम राठौर, विक्रम राठौर, धर्मेंद्र चौहान, अशोक राठौर, धर्मेंद्र चौहान, कलुआ बंजारा, नरेश जाधव, तुलसीराम चौहान, गजेसिंग चौहान, रूपलाल चौहान, दशरथ राठौर, मोहित राठौर, लखनलाल चौहान, मुखराम चौहान, सुखराम राठौर, भोजलाल राठौर, लल्ला राठौर, हरिप्रसाद चौहान, सुनिल राठौर, मूलचंद चौहान, दिनेश चौहान, बिसराम चौहान, लक्खू चौहान, डोलचंद चौहान, सरवन राठौर, नारायण राठौर, कुंजीलाल नायक एवं समस्त गौर बंजारा समाजगण उपस्थिति रहे।

## नागपुर से अर्द्धनारीश्वर के लिए निकली लोटांगण यात्रा, हनुमान लोक में कलेक्टर ने किया सत्कार



**सौंसर, देशबन्धु।** अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली के लिए किल्ले कोलार नदी नागपुर से लोहे के नुकीले किलो की शैय्या पर लेटते हुए (लोटांगण करते हुए) पार्वती नगर नागपुर निवासी मनोज भलावी की लोटांगण यात्रा हनुमान लोक जाम सांवली पहुंची। यहां पहुंचने पर चमत्कारिक हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) के प्रबंधक न्यास एवं पांढुरना कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ इनके हाथों, अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गोपाल वंजारी एवं चमत्कारिक हनुमान मंदिर संस्थान जाम सांवली के सचिव टिकाराम कारोकार की उपस्थिति में श्री भलावी का शाल श्रीफल देकर सत्कार किया गया।

ज्ञातव्य हो कि कल लोटांगण यात्रा बजाज जोड़ पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने कार्यकर्ताओं सहित उपस्थित होकर श्री भलावी का भव्य स्वागत सत्कार किया था। लोटांगण यात्रा सौंसर होते हुए बुधवार 15 अप्रैल को अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली पहुंचेगी।

## गोरखपुर में लगी चौपाल: कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने विकासखंड मोहखेड़ की ग्राम पंचायत गोरखपुर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिस पर कलेक्टर श्री नारायन ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।



चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने विशेष रूप से पात्रता पर्ची से संबंधित दिक्कतों की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता पर्ची की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। ग्रामीणों ने गांव में पुल से जुड़ी समस्या भी बताई, जिस पर कलेक्टर श्री नारायन ने लोक निर्माण विभाग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शीघ्र समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया कि विभिन्न विभागों द्वारा गांव-गांव में कैम्प आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीण अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इन कैम्पों के माध्यम से समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।